**मध्य रेलवे में रेल गाड़ियों में चोरी के मामले**

3904. **श्री गं० च० दीक्षित :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य रेलवे में मनमाड और बम्बई रेलवे स्टेशनों के बीच रेलवे के प्रथम श्रेणी के डिब्बों में रात के समय बाहर से खिड़कियां खोल कर चोरी करने के मामलों में वृद्धि हो रही है;

(ख) क्या सरकार ने ऐसी चोरियों के कारणों का पता लगाया है; और

(ग) इन चोरियों को बन्द करने के लिए सरकार का विचार क्या विशेष व्यवस्था करने का है ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) :** (क) जी हां ।

(ख) प्रत्यक्षत: ऐसे अपराधों के लिए बम्बई और कल्याण के अपराधी जिम्मेदार हैं । पुलिस ने जांच की थी, लेकिन इन मामलों का पता नहीं चल सका ।

(ग) प्रभावित खण्डों पर सरकारी रेलवे पुलिस ने गाड़ियों में पहरे का काम तेज कर दिया है और प्रभावित क्षेत्रों में विशेष रूप से गश्त लगायी जा रही हैं । इन अपराधियों का पता लगाने के लिए नन्दगांव जिला पुलिस के गुप्तचर शाखा और रेलवे पुलिस के विशेष गुप्तचर कर्मचारी विशेष रूप से तैनात किये जा रहे हैं ।

**खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली की अंशदायी भविष्य निधि में जमा राशि**

3905. **श्री का. सुन्दरलाल :** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि खादी भवन के कर्मचारी संघ की शिकायत पर क्षेत्रीय अंशदायी भविष्य निधि आयुक्त, दिल्ली ने खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली के मैनेजर को नियमों के अन्तर्गत अंशदायी भविष्य निधि दोनों ओर की बकाया राशि जमा करने के आदेश जारी किये हैं; और

(ख) यदि हां, तो उसका पूरा ब्यौरा क्या है तथा यह राशि कब तक जमा कर दी जायेगी ।

**वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) :** (क) जी हां ।

(ख) प्रत्येक कर्मचारी के मामले में मई, 1962 से जून, 1967 तक की बकाया राशि के ब्यौरे तैयार किये जा रहे हैं । खादी ग्रामोद्योग भवन को अभ्यापत्ति सहित राशि जमा करने की हिदायतें दे दी गई हैं ।

**Industrial Licensing Policy**

3906. SHRI NARENDRA SINGH MAHIDA : Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government proposed to introduce major changes in the industrial licensing policy to encourage the production of more export goods;

(b) if so, the broad details thereof; and

(c) by what time these are to come into force ?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED) : (a) to (c). There is no proposal to introduce major changes in the industrial licensing policy to encourage the production of more export goods. However, due consideration is always given to any proposal which is export oriented while granting Industrial Licence. Industrial units which are predominently export oriented are given the same preferential treatment as Key industries.

**Racket of Forged Railway Tickets**

3907. SHRI C. K. BHATTACHARYYA : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :